लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 475
06 दिसंबर, 2023 को उत्तर दिए जाने के लिए

पीएम मित्र पार्क

475. श्री पी.पी. चौधरी:
श्री प्रताप चंद्र षडङ्गीः:
श्री सी.आर. पाटिल:
श्री अनुराग शर्मा:
श्री संगम लाल गुप्ता:
श्री नायब सिंह् सैनी:
श्री ज्ञानेश्वर पाटिल:

क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार की प्रस्तावित सात पीएम मित्र पार्कों की स्थापना के लिए वित्तपोषण करने की योजना है और यदि हां, तो इस प्रक्रिया में राज्य सरकारों की भूमिका सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार राजस्थान, गुजरात, उत्तर प्रदेश, ओडिशा, हरियाणा और मध्य प्रदेश राज्यों सहित देश के अन्य राज्यों में ऐसे पार्क स्थापित करने पर विचार कर रही है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(घ) सरकार द्वारा पीएम मित्र पार्कों हेतु स्थलों का चयन करने में क्या मानदंड अपनाए गए हैं; और

(ङ) देश में कितने वस्त्र पार्क कार्यशील हैं और वस्त्र पार्कों की स्थापना के क्या लाभ हैं तथा इन वस्त्र पार्कों की स्थापना के पश्चात् लाभान्वित होने वाले व्यक्तियों की अनुमानित संख्या का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
वस्त्र राज्य मंत्री
(श्रीमती दर्शना जरदोश)

(क) से (घ): सरकार ने 4,445 करोड़ रूपये के परिव्यय से प्लग एंड प्ले सुविधा सहित विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे के साथ ग्रीनफील्ड/ब्राउनफील्ड साइटों में 7 (सात) पीएम मेगा एकीकृत वस्त्र क्षेत्र एवं अपैरल (पीएम मित्र) पार्क की स्थापना को मंजूरी दी है। इन पार्कों की स्थापना के लिए 7 साइटों अर्थात तमिलनाडु (विरुद्धनगर), तेलंगाना (वारंगल), गुजरात (नवसारी), कर्नाटक (कलबुर्गी), मध्य प्रदेश (धार), उत्तर प्रदेश (लखनऊ), महाराष्ट्र (अमरावती) को अंतिम रूप दिया गया है।

पीएम मित्र योजना को एक एसपीवी के माध्यम से क्रियान्वित करने का प्रस्ताव है जो राज्य सरकार के पास 51% इक्विटी शेयरधारिता के साथ एक कानूनी इकाई होगी। इसके अलावा, 1,000 से अधिक एकड़ का बाधारहित भूखंड और बुनियादी ढांचे तथा एकल खिड़की मंजूरी के रूप में अन्य सुविधाएं राज्य सरकारों द्वारा प्रदान की जा रही हैं। पीएम मित्र योजना के तहत साइटों का चयन एक चुनौती पद्धति पर किया गया था जिसमें अच्छी कनेक्टिविटी, पर्याप्त गुणवत्ता वाले बिजली बुनियादी ढांचे, पानी और अपशिष्ट जल निपटान प्रणाली, श्रम कानून, एकल खिड़की मंजूरी, राज्य की स्थिर और अनुकूल औद्योगिक/वस्त्र नीति आदि जैसे प्रासंगिक मानकों पर विचार किया गया था।

(ङ): एकीकृत वस्त्र पार्क (एसआईटीपी) योजना के तहत स्वीकृत 54 वस्त्र पार्कों में से 30 वस्त्र पार्क पूरे हो चुके हैं, 22 वस्त्र पार्क पूरे होने वाले हैं जबकि 2 वस्त्र पार्क रद्द कर दिए गए हैं। एक बार पूरी तरह से वस्त्र पार्क चालू होने पर, उपरोक्त सभी पार्कों में लगभग 5,193 वस्त्र इकाइयाँ स्थापित होने, लगभग 3,07,648 व्यक्तियों के लिए रोजगार सृजित होने और 23,596 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश आकर्षित होने की उम्मीद है।

****